(ii) Abohar	512 C-DOT -do-
(iii) Moga (iv) Muktsar	4.5 K C-DOT replacement of MAX-II 256 C-DOT additon

II. 1994.95

1. *Amritsar District*

(i) Katra Sher Singh	20 K replacement of 10 K SXS + 10 K expn.
(ii) Batala Road	4 KRLU
(iii) Tarantaran	1 KRLU

2. *Gurdaspur District*

(i) Gurdaspur (ii) Batala	1.4K to 2.8 K 5K — 6K

3. *Ferozepur District*

(i) Ferozepur (ii) Fazilka	3.5 K 1 CP 1.4 K — 2.4 K
(iii) Malout	1. 4 K — 2.4 K
(iv) Faridkot	3 K — C-DOT

सीधे टेलीफोन करने की सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था करना

796. **श्री अजीत जोगी:**
श्री राधाकिशन मालवीय:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार निकटवर्ती शहरों के बीच सीधे टेलीफोन करने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय योजना बनाने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) और (ख) जी हां। दूरसंचार विभाग ने निकटवर्ती शहरों के बीच सीधे टेलीफोन करने की सुविधा मुहैया कराने के लिए एक योजना तैयार की है जिसके ब्यौरे इस प्रकार हैं:—

— 01.4.1997 तक सभी एक्सचेंजों में राष्ट्रीय उपभोक्ता डायलिंग सुविधा प्रदान करना।

— 01.4.1995 तक उपमंडलीय मुख्यालयों/तहसील मुख्यालयों अथवा समकक्ष शहरों, 500 लाइनों अथवा इससे अधिक क्षमता के सभी एक्सचेंजों में राष्ट्रीय उपभोक्ता डायलिंग सुविधा प्रदान करना शामिल है।

— सभी औद्योगिक विकास केन्द्रों, पर्यटक तथा तीर्थ स्थानों पर 01.4.95 तक राष्ट्रीय उपभोक्ता डायलिंग सुविधा प्रदान कर दी जाएगी।

छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में तार-सुविधायें

797. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में तार-सुविधाओं की दशा अच्छी नहीं है और आमतौर पर उन क्षेत्रों में तार पहुंचने में चार-पांच दिन तक लग जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में तार-सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी, हां। सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तार सुविधाओं की स्थिति काफी अच्छी नहीं है।

(ख) तार सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए, सरकार ने, इस समय चल रही पुरानी मौर्स प्रणाली को बदलकर छोटे शहरों की, कंप्यूटरीकृत तार प्रणालियों से

जोड़ने की योजना बनाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में तार-सुविधाएं प्रदान करने के लिए तारों का आदान-प्रदान नजदीक के छोटे शहरों से टेलीफोन (फोनोग्राम सेवा की भांति) के माध्यम से किया जाएगा।

मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए प्रतीक्षा सूची

798. मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए प्रतीक्षा-सूचियों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में ऐसे कौन-कौन से टेलीफोन केन्द्र हैं जिन्हें अभी तक पूरी तरह से इलैक्ट्रानिक केन्द्र में परिवर्तित नहीं किया गया है; और

(ग) इस संबंध में क्या कदम उठाये जा रहे हैं और ये केन्द्र कब तक पूरी तरह से इलैक्ट्रानिक केन्द्र बन जायेंगे?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) 1.2.94 की स्थिति के अनुसार, टेलीफोन कनेक्शनों हेतु प्रतीक्षा-सूची की स्थिति निम्नलिखित है:—

केन्द्रीय दिल्ली—8564 दक्षिणी दिल्ली—73398

(ख) ब्यौरे नीचे दिए गए है:—

केन्द्रीय: 1. जनपथ II/पी सी क्रास-बार 34
2. जनपथ स्टोजर 38
3. जनपथ—I पी सी क्रास बार-31

दक्षिण: 1. चाणक्यपुरी-II/एन ई सी-66
2. ओखला-I पी सी क्रास-बार-63
3. नेहरू प्लेस—IIएन ई सी-641
4. हौज खास-II पी सी क्रास-बार-65
5. हौज खास-II एन ई सी-66
6. चाणक्यपुरी-II पी सी क्रास-बार-67

(ग) मार्च, 1995 तक, एन ई सी एक्सचेंजों को छोड़कर, उपरोक्त सभी एक्सचेंजों को इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों से बदलने की सम्भावना है बशर्ते कि सामग्री और वित्तीय संसाधन समय पर उपलब्ध हों।

Provision for Telephones to the Newspapers

799 SHRI V. RAJESHWAR RAO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased- to state;

(a) what is the policy of Government in providing telephones to the press (newspapers);

(b) how many telephones can be got by newspapers on priority;

(c) what are the guidelines in this regard; and

(d) whether Government fix up a particular quota of telephones to be given to newspapers, in view of the increasing number of newspapers?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (c) Sir, Government is registering requests of telephones for Press (registered newspapers, Journals and Magazines), under Non-OYT-Spl. category which is a priority category. Maximum two telephones are registered-one at the press office and another at the residence of the Chief Executive or Editor. For All India Publications, having circulations exceeding 1.00,00Q copies, the total entitlement will be four-one at the press Office, one at the residence of the Chief Executive, one at the residence of the Editor and one at the residence of the Assistant Editor or at the residence of any employee.

(d) No, Sir.

New STD PCO's ■nd Telecom, Centres In Nagpur

800. SHRI G. PRATHAPA REDDY: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of STD PCOs and Telecom. Centres in Nagpur;

(b) how many more are required;

(c) whether advertisements for new centres have been issued; and